# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

मंगलवार, तिथि 29 जून, 1982।

विषय-सूची।


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर : | | |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—75, 76, 78, 79, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87, 89, 90, 129, 147 एवं 216। | | 1—30 |
| परिशिष्ट—(प्रश्नों के लिखित उत्तर) | ... | 31—88 |
| दैनिक निबंध | ... | 89-90 |


टिप्पणी :—किन्हीं भी मन्त्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है।

अध्यक्ष—आपका ओरिजनल प्रश्न मेरे पास है, उसमें आपने पूछा है कि "क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड में हरिजन विद्यालय नहीं है ?"

---

## बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना ।

84. श्री राम परीक्षण साह—क्या मन्त्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड में बालिका उच्च विद्यालय नहीं है ; यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में एक बालिका उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुनाथ झा—प्रश्न के पूर्वार्द्ध का उत्तर स्वीकारात्मक है। छठी पंचवर्षीय योजना काल में प्रत्येक प्रखण्ड में जहां बालिका उच्च विद्यालय नहीं है—एक बालिका उच्च विद्यालय खोलने का लक्ष्य राज्य सरकार ने निर्धारित किया है जिसमें स्वभावतः कुढ़नी प्रखण्ड भी आएगा। चालू वित्तीय वर्ष में इस परियोजना के लिये निधि का उपबंध नहीं हो सका है, अतः वर्तमान वर्ष में कुढ़नी प्रखण्ड में बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना सम्भव नहीं है।

श्री राम परीक्षण साह—अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से यह जानना चाहता हूँ कि सरकार ने घोषणा की है कि हर प्रखण्ड में एक बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना की जायगी और उसी के आधार पर 6 जिलों में बालिका उच्च विद्यालय खोलने के लिये लिस्ट तैयार कर लिया गया है। कुढ़नी प्रखण्ड में उसी तरह बालिका विद्यालय खोलने का विचार सरकार रखती है ?

श्री रघुनाथ झा—वर्तमान वित्तीय वर्ष में आवंटन नहीं है, अतएव यहां बालिका उच्च विद्यालय इस वर्ष में खोलना सम्भव नहीं है। आगे आवंटन होने पर प्राथमिकता के आधार पर निश्चित रूप से इस पर विचार किया जायगा।

श्री तुलसी सिंह—अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से यह जानना चाहता हूँ कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कितने प्रखण्डों में बालिका उच्च विद्यालय खोलने का निर्णय सरकार ने लिया है ?

श्री रघुनाथ झा—90 प्रखण्डों में।

श्री कर्पूरी ठाकुर—अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से यह जानना चाहता हूँ कि बिहार में कुल 587 प्रखण्ड हैं। क्या छठी पंच वर्षीय योजना काल में इन 587 प्रखण्डों में बालिका उच्च विद्यालय खोलने का काम सरकार पूरा कर लेगी ?

श्री रघुनाथ झा—छठी पंचवर्षीय योजना में जिन प्रखण्डों में बालिका उच्च विद्यालय हैं, उनको छोड़कर सभी प्रखण्डों में बालिका उच्च विद्यालय खोलने का सरकार का लक्ष्य है।

श्री कर्पूरी ठाकुर—अभी कुल कितने प्रखण्डों में बालिका उच्च विद्यालय हैं और इस वर्ष कितने प्रखण्डों में बालिका उच्च विद्यालय खोलने जा रहे हैं ?

श्री रघुनाथ झा—150 कन्या विद्यालय अभी हैं और 90 प्रखण्डों में इस वर्ष कन्या विद्यालय खोलने जा रहे हैं।

श्री रमई राम—अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से यह जानना चाहता हूँ कि जिन प्रखण्डों में दाता अपनी जमीन देकर, मकान बना कर कन्या विद्यालय खोलना चाहते हैं, क्या सरकार उनको स्वीकृति देगी ?

( इस प्रश्न का उत्तर नहीं मिला )

श्री मुंशी लाल राय—अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से यह जानना चाहता हूँ कि कुढ़नी प्रखण्ड में छात्राओं की दिक्कतों को सामने रख कर, इस प्रश्न को सामने रख कर इसी वित्तीय वर्ष में वहाँ कन्या विद्यालय खोलने का विचार रखती है ?

श्री रघुनाथ झा—अभी निश्चित रूप से आश्वासन देना सम्भव नहीं है, लेकिन मैं आवंटन उपलब्ध होने पर इस पर अवश्य विचार करूंगा।

———

पंचायत सेवक की पुनर्नियुक्ति।

85. श्री उपेन्द्र प्रसाद वर्मा—क्या मंत्री, ग्रामीण पुनर्निर्माण एवं पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता के अनुरोध पर तत्कालीन राज्य मन्त्री, ग्रामीण विकास विभाग ने 26 मार्च 1981 को श्री सीताराम मेहता, निलंबित पंचायत सेवक, धरहरा (मुंगेर) जिला की नियुक्ति कर लेने का आदेश तत्कालीन निदेशक-सह-अपर सचिव, पंचायती राज को दिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक-सह-अपर सचिव ने अपने ज्ञापांक 2150, दिनांक 2 अप्रील 1981 के द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मुंगेर को श्री मेहता की नियुक्ति हेतु तुरंत समुचित कार्रवाई करने का निदेश दिया था जिसका पालन अभीतक नहीं किया गया है ;